# JAIN COLLEGE, JAYANAGAR
## II PUC MOCK PAPER-1- 2018
## Subject : Hindi

समयः 3 घण्टा 15 मिनट | पूर्णांकः 100

सूचनाः i) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है।

ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है।

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में लिखिएः 6X1= 6

1) सीधे–सादे किसान धन आते ही किस ओर झुकते हैं?

2) जो मनुष्य सत्य बोलता है, वह किससे दूर भागता है?

3) मनुष्य के कुकर्मों पर कौन हँसने लगे है?

4) मन्नू भंडारी को प्रभावित करने वाली हिन्दी प्राध्यापिका का नाम लिखिए।

5) विश्वेश्वरय्या का जन्मदिन किस नाम से मनाया जाता है?

6) गौतम बुद्ध को जापानी भाषा में क्या कहते हैं?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिएः 3X3= 9

7) सुजान भगत पेड़ के नीचे बैठकर क्या सोचता है?

8) धर्म–पालन करने के मार्ग में क्या–क्या अड़चन आती हैं?

9) समाज में कौन–कौन सी समस्याएँ बढ़ रही हैं?

10) लेखिका बचपन में कौन–कौन से खेल खेलती थीं?

11) मैसूर राज्य के विकास में विश्वेश्वरय्या के योगदान के बारे में लिखिए।

II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे? 4X1= 4

12) 'धरम करम के काम में मीन–मेष निकालना अच्छा नहीं।'

13) 'सच? मुझे गाँव के लोग बहुत पसन्द हैं।'

14) 'लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाय तब बुलाना।'

15) 'क्यों धर्मराज, कैसे चिन्तित बैठे हैं?'

आ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिएः 2X3=6

16) 'इस प्रकार जो लोग स्वार्थी होकर अपने कर्तव्य पर ध्यान नहीं देते, वे संसार में लज्जित होते हैं और सब लोग उनसे घृणा करते हैं।'

17) 'वत्स, देश का वातावरण ही जब प्रदूषित हो गया तब मैं कैसे बच सकती थी।'

18) 'साधु–सन्तों की वीणा से तो और अच्छे स्वर निकलते हैं।'

19) 'यहाँ प्रकृति की तूलिका में सात से अधिक रंग दिखाई दे रहे हैं।'

III अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में लिखिए: 6X1=6

20) रैदास के अनुसार कभी भी क्या निष्फल नहीं जाता?

21) कौन अन्तर की बात जानने वाले हैं?

22) प्राणों की सार्थकता किसमें है?

23) बेटी सजने–धजने से क्या महसूस करती है?

24) कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार प्रतिहिंसा क्या है?

25) कर्नाटक में किस महाकवि के दर्शन कर सकते हैं?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 3X2=6

26) सूरदास ने माखन चोरी प्रसंग का किस प्रकार वर्णन किया है?

27) बेटी रंगीन कपड़े और गहने क्यों नहीं चाहती?

28) 'कायर मत बन' कविता के द्वारा कवि हमें क्या संदेश देते है?

29) वृक्ष के न दिखने पर कवि उसकी यादों में कैसे खो गये?

इ) निम्नलिखित की ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए: 2X4=8

30) जमुना तट देखे नँद नंदन।
मोर–मुकुट मकराकृत–कुंडल, पीत–बसन तन चंदन।
लोचन तृप्त भए दरसन तैं उर की तपनि बुझानी।
प्रेम–मगन तब भई सुंदरी, उर गदगद मुख–बानी।

**अथवा**

प्रभु जी तुम घन बन, हम मोरा,
जैसे चितवत चंद चकोरा।
प्रभु जी तुम दीपक हम बाती,
जाकी जोति बरै दिन राती।

31) यही सत्य की सही तोल है,
अपर्ण कर सर्वस्व मनुज को,
कर न दुष्ट को आत्मसमर्पण,
कुछ भी बन बस कायर मत बन।

**अथवा**

बचाना है–
नदियों को नाला हो जाने से
हवा को धुँआ हो जाने से
खाने को जहर हो जाने से:

IV अ) एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में उत्तर लिखिए: 5X1=5

32) हँसी के मारे मर जाने की बात कौन कहती है?

33) बरगद के पेड़ की कहानी किनका निर्माण करती है ?

34) व्यक्ति किन गुणों से बड़ा होता है?

35) पिता क्या सहन नहीं कर सकता?

36) भारवि ने प्रतिशोध की आग में क्या करना चाहा?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 2X5=10

37) दादाजी ने किस अभिप्राय से सभी को बुलाया और क्या कहा?

**अथवा**

दादाजी की क्या आकांक्षा थी?

38) भारती और सुशीला के वार्तालाप को अपने शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

टिप्पणी लिखिए:

(1) आभा (2) भारती ।

V अ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए: 4X1=4

41) 1) मनुष्य के जीवन कर्त्तव्य से भरा पड़ा है।

2) कोयल डाली में बैठी है।

3) दहेज की लेन–देन बहुत बुरी प्रथा है।

4) रोगी की दिशा ठीक नहीं है।

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: 4X1=4

(घृणा, सत्य, ज्ञान, कर्त्तव्य)

42) 1) मनुष्य का परम–धर्म. . . . बोलना है।

2) स्वार्थी लोग अपने . . . . .पर ध्यान नहीं देते।

3) मानस में भक्ति, . . . . . . और कर्म का समन्वय है।

4) कुत्सित लोगों से सभी. . . करते है।

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: 3X1=3

43) 1) आत्मानंद देश की सेवा करता है। (भूतकाल में बदलिए)

2) उसने अपना काम सुचारू रूप से किया। (भविष्यत् काल में बदलिए)

3) व्यापारी ट्रक में माल भरकर लायेगा। (वर्तमान काल में बदलिए)

इ) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के अनुसार जोड़कर लिखिए: 4X1=4

44) 1) अक्ल पर पत्थर पड़ना — क) अच्छी तरह वश में करना।

2) उँगली पर नचाना — ख) अनुभवहीन होना।

3) किनारे बैठना — ग) बुद्धि से काम न लेना।

4) दूध के दाँत न टूटना — घ) अलग रहना।

उ) निम्न के अन्य लिंग रूप लिखिए: 3X1=3

45) (1) कृष्ण, (2) दाता, (3) तपस्वी।

ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए: 3X1=3

46) (1) जो अभी–अभी पैदा हुआ हो।

(2) उपयोग करने वाला।

(3) अवसर के अनुसार बदल जाने वाला।

ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर शब्दों का निर्माण कीजिए: 2X1=2

1. शेष 2. नयन।

आ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए: 2X1=2

1. थकावट 2. मददगार।

vi अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए: 5X1=5

(1) भ्रष्टाचार–आज की प्रमुख समस्या।

(2) विद्यार्थी और अनुशासन।

(3) विद्यालय का बार्षिकोत्सव।

**अथवा**

परीक्षा–शुल्क भरने के लिए 500 रुपए माँगते हुए अपने पिता के नाम पत्र लिखिए।

आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 5X1=5

47) स्वतंत्र भारत का सम्पूर्ण दायित्व विद्यार्थियों के ही ऊपर है क्योंकि आज जो विद्यार्थी है, वे ही कल स्वतंत्र भारत के नागरिक होंगे। भारत की उन्नति और उसका उत्थान उन्हीं की उन्नति और उत्थान पर निर्भर करता है। अतः विद्यार्थियों को अपने भावी जीवन का निर्माण बड़ी सतर्कता और सावधानी से करना चाहिए। उन्हें प्रत्येक क्षण अपने राष्ट्र, अपने समाज, धर्म और

अपनी संस्कृति को अपनी आँखों के सामने रखना चाहिए ताकि उनके जीवन से राष्ट्र को बल प्राप्त हो सके। जो विद्यार्थी राष्ट्रीय दृष्टिकोण से अपने जीवन का निर्माण नहीं करते, वे राष्ट्र और समाज के लिए भार–स्वरूप होते हैं।

प्रश्न 1. विद्यार्थियों पर किस का दायित्व है?

प्रश्न 2. विद्यार्थियों पर भारत का क्या निर्भर है?

प्रश्न 3. विद्यार्थियों को सतर्कता और सावधानी से किसका निर्माण करना चाहिए?

प्रश्न 4. उन्हें अपनी आँखों के सामने क्या रखना चाहिए?

प्रश्न 5. विद्यार्थी किसके लिए भार–स्वरूप होते हैं?

इ) निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिएः 5X1=5

48) (i) Smoking is strictly prohibited at public place .

(ii) The gaining of knowledge is greater than earning of money.

(iii) Dont eat stale food.

(iv) Humour plays an important role in our life .

(iv) Always give respect to patriots.

**************